बाहुबली जी का बड़ा सुन्दर है नाम | By B. R. Nagina ,Seema De

बाहुबली जी का बड़ा सुन्दर है नाम
पावन पवित्र जहाँ देवो का धाम

ऋषभदेव जी थे बड़े धर्म धुरंधर
धर्म के प्रताप से मिला ये पुत्र वर
बिगड़ी बनाना है जिनका बस काम
प्रेम से जो जपता है सुबह और शाम

जैन दिगंबर का धरम गूँज रहा है
शाश्वत समता का स्वर गूँज रहा है
पर्वत पर चमक रहा ऐसा ललाम
कोटि कोटि संत करे निशदिन प्रणाम

सम्यक ज्ञानी ने ऐसी ज्योत जलाई
युग बीते कितने वो बुझ नहीं पाई
आज भी इस धरती पर इनका है नाम
जपे नाम जिनका हम होके निष्काम

बाहुबली जी का हो मस्तक अभिषेक
सुर नर मुनि ज्ञानी रहे अपना सर टेक
कोटि कोटि पाप कटे लेते ही नाम
जिसका ना कोई प्रभु लेते उसे थाम

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%b9%e0%a5%81%e0%a4%ac%e0%a4%b2%e0%a5%80-%e0%a4%9c%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%ac%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a5%81%e0%a4%a8%e0%a5%8d%e0%a4%a6%e0%a4%b0/